2017-18

सेवा में

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

All Principals
Govt. Colleges/Non-Govt. Aided Colleges

यादी क्रमांक 2/71-2017 एन0एस0एस0 (2)
दिनांक, पंचकूला

विषय:– सड़क सुरक्षा के लिये महाविद्यालयों में पोस्टर/निबंध/भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करके जागरूकता लाने बारे।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि सडक सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों के तहत Transport Commissioner Haryana, Chandigarh के दिशा–निर्देश अनुसार महाविद्यालयों में पोस्टर/निबंध/भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाये।

महाविद्यालयों में प्रथम/द्वितीय/तृतीय छात्र–छात्रा को ईनाम के रूप में दी जाने वाली राशि निम्न होगी।

| प्रतियोगिता | पुरस्कार श्रेणी | कॉलेज स्तर पर राशि | जिला स्तर पर राशि |
|---|---|---|---|
| पोस्टर/निबंध/भाषण | प्रथम | 2000/– | 5000/– |
| | द्वितीय | 1500/– | 3000/– |
| | तृतीय | 1000/– | 2000/– |

यह पुरस्कार राशि Transport Commissioner Haryana, Chandigarh द्वारा दी जायेगी। सभी विजयी प्रतिभागियों को दी जाने वाली पुरस्कृत राशि उनके बैंक अकांउट में आपके कार्यालय द्वारा जमा करवाई जायेगी और विजयी छात्र/छात्रा को समृति चिन्ह भेंट नहीं किया जायेगा। उनको चैक प्रमाणपत्र के रूप में सम्मानित किया जायेगा। जिलों से प्राप्त प्रथम/द्वितीय व तृतीय विजयी छात्रों के एकत्रित पोस्टर/निबंध/भाषण इत्यादि परिवहन आयुक्त हरियाणा की सम्पत्ति होगी जोकि सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मूल रूप से सम्बन्धित दस्तावेज/महाविद्यालय का नाम/छात्र का स्थाई पता, मोबाईल नं0, विजयी छात्र अथवा छात्रा का बैंक अकाउंट नं0, सम्बन्धित बैंक का IFSC नं0, Transport Commissioner Haryana, 30 Bays Building, 2nd Floor, Sec-17B, Chandigarh-160017 (stcharyana@hry.nic.in) को प्रतिमाह भेजे जाये ताकि राज्य स्तर पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर सम्बन्धित विजयी छात्र/छात्रा को पुरस्कृत किया जा सके जिसके लिये प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को 25000/– रूपये, द्वितीय छात्र/छात्रा को 20000/– रूपये तृतीय छात्र/छात्रा को 15000/– रूपये तथा सान्तवना पुरस्कार के रूप में चैक प्रमाणपत्र राज्य स्तर के कार्यकम आयोजन पर दिये जाने का प्रावधान है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इन विषयों पर प्रतियोगिता करवाने के लिये सम्बन्धित जिलों के RTA Office से आगामी दिशा–निर्देश लें व इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये stcharyana@hry.nic.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

संलग्न: जागरूकता गतिविधियों से सम्बन्धित विषयों की सूचि

राज्य रा0से0यो0 अधिकारी
कृते महानिदेशक उच्चतर शिक्षा

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

## सूचना

दिनांक 06.03.2018

सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के आदेशानुसार महाविद्यालय में **सड़क सुरक्षा** विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक छात्राएं अपने पोस्टर दिनांक 10.03.2018 तक अधोहस्ताक्षरियों को जमा करवाएं। विस्तृत जानकारी के लिए श्रीमती सुधा सेठी से दिनांक 08.03.2018 तक सम्पर्क करें।

प्राचार्या
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

सड़क सुरक्षा क्लब
श्रीमती सुधा सेठी
कु0 रीजा

# Poster Making Competition 13.3.18
## Road Safety Club
## List of Participated students

| S.No. | Name | Class | Roll no. |
|---|---|---|---|
| 1. | Anju | B.A III | 2516 |
| 2. | Varsha | B.A III | 2526 |
| 3. | Neha | B.A III | 2531 |
| 4. | Ruby | B.A III | 2554 |
| 5. | Khushboo | B.A I | 192 |
| 6. | Preeti | BA. III | 2697 |
| 7. | Komal | B.Sc. III | 6828 |
| 8. | Poonam | " | 6840 |
| 9. | Sonia | B.Com III | 2901 |
| 10. | Pooja | " | 2934 |
| 11. | Swati | BA II | 3161 |
| 12. | Poonam | BA III (Voc) | 2835 |
| 13. | Sheetal | " | 2843 |
| 14. | Akanksha Sharma | BA II | 3234 |
| 15. | Chinay | BA III (Voc | 2809 |
| 16. | Swati | " | 2826 |

[signature]

Result

Poster Making competition organised by Road Safety club on 13-03-18

| Name | Roll No | Class | Position |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. Swati | 3161 | BA II | first |
| 2. Akansha Sharma | 3234 | BA II | second |
| 3. Khushboo | 192 | BA I | Third |

Urmila Panghal
13/3/18

[signature]
13.3.18

रिपोर्ट

सड़क सुरक्षा परिषद् द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दिनांक 13-03-2018 को सड़क सुरक्षा परिषद् के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाये। जिनमें शराब पीकर वाहन न चलाना, सड़क नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा के चिन्हों का अभिप्राय, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करना तथा निर्धारित गति-सीमा से अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम आदि विषय सम्मिलित थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता गुप्ता ने सड़क सुरक्षा नियमों के सन्दर्भ में अपने सम्भाषण में सभी छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सचेत किया तथा सड़क पर चलते हुए सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर निर्णायक मण्डल की भूमिका में डॉ. सुमन राजन, डॉ. उर्मिल पंघाल तथा डॉ. सोनिया उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता की संयोजिका कैप्टन (श्रीमती) सुधा सेठी के साथ डॉ. मंजीत, कुमारी प्रीति भी उपस्थित रहे।


इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय की स्वाति प्रथम, अकांक्षा द्वितीय एवं खुशबु तृतीय स्थान पर रही।

Sudha

दैनिक जागरण - 14/03/2018

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा परिषद के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीए द्वितीय वर्ष की स्वाति प्रथम, अकांक्षा द्वितीय एवं खुशबू तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं ने पोस्टर से समाज में सुरक्षित वाहन चलाने के प्रति जागरूकता बढ़ाई। वहीं निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुमन राजन, डॉ. उर्मिल पंघाल तथा डॉ. सोनिया ने निभाई और सर्वश्रेष्ठ पोस्टर को चुना।



चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं मुख्यतिथि • जागरण

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता गुप्ता ने छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति खुद तो सचेत रहें ही साथ ही अपने परिवार व दूसरे लोगों को भी सड़कों पर वाहन चलाते हुए और चलते हुए सावधानी बरतने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ज्यादातर हादसे तेज रफ्तार वाहन चलाने और नियमों की अवहेलना करने से होते हैं।